**विधान परिषद के प्रथम सत्र 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डॉ0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-22 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 22(क) क्या बेसिक शिक्षा मंत्री बतायेंगे कि फतेहपुर जिले के बहुआ ब्लॉक में किन-किन कम्पोजिट विद्यालयों का चयन पी०एम० श्री योजना में हुआ है? | फतेहपुर जिले के बहुआ ब्लॉक में पी०एम० श्री योजना के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय-सोनबरसा का चयन किया गया है। |
| (ख) उक्त विद्यालयों में उपरोक्त योजना के अंतर्गत क्या-क्या कार्य कराये जाने है? | उक्त विद्यालय में पी०एम० श्री योजना के अन्तर्गत निम्नांकित प्रमुख गतिविधियां स्वीकृत की गयी हैं:-<br>• खेल उपकरण/खेलकूद सामग्री का क्रय किया जाना।<br>• राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत विद्यालय के 35 छात्र-छात्राओं का एक्सपोजर विजिट कराया जाना।<br>• विद्यालय में आई0सी0टी0 लैब स्थापित कराया जाना।<br>• विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित कराया जाना।<br>• विद्यालय का मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय/उच्च शिक्षण संस्थान के साथ युग्मन (Twinning/Pairing) कराया जाना।<br>• विद्यालय में वार्षिकोत्सव एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की स्वीकृति।<br>• लर्निंग बाई डूइंग कार्यक्रम का संचालन कराया जाना।<br>• विद्यालय के रख-रखाव हेतु एनुअल स्कूल ग्राण्ट।<br>• एल0ई0डी0 लाइट्स लगाया जाना।<br>• दिव्यांग शौचालय का निर्माण कराया जाना।<br>• अतिरिक्त कक्षा-कक्ष का निर्माण कराया जाना।<br>• प्री-प्राइमरी कक्षाओं हेतु फर्नीचर उपलब्ध कराया जाना।<br>• प्री-प्राइमरी बच्चों हेतु आउट डोर प्ले मैटिरियल उपलब्ध कराया जाना।<br>• प्री-प्राइमरी कक्षाओं में बाला फीचर्स पेंटिंग कराया जाना।<br>• विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों की समावेशी शिक्षा हेतु विभिन्न कार्यक्रमों की स्वीकृति।<br>• बालिका शिक्षा के अन्तर्गत बालिकाओं के सैनेटरी पैड वितरण एवं आत्मरक्षा प्रशिक्षण की स्वीकृति। |
| (ग) उक्त प्रस्तावित कार्यों में से अब तक कितने कार्य करा दिये गये हैं और कितने कार्य शेष है? | भारत सरकार से अद्यतन दो किस्त के रूप में 50% धनराशि ही प्राप्त हुयी है। जनपद एवं विद्यालय स्तर पर गतिविधियों का क्रियान्वयन गतिमान है। |
| (घ) उक्त अवशेष कार्य कब तक पूरे करायेंगे? | भारत सरकार से पूर्ण धनराशि प्राप्त होने पर कार्य पूर्ण करा लिये जायेंगे। |

संदीप सिंह
राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार)।